Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006
Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

an>

Title: Regarding suicide by small farmers of scheduled castes due to non-availbility of irrigation water in Jalaun-Garautha regions of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं के बारे में ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन जनपद में कठौंत ब्लाक में दिसम्बर माह में एक लघु सीमांत हरिजन कृाक राम कुमार ने आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसे पलेवा के लिए समय पर पानी नहीं मिला। इसी तरह से डकूट ब्लाक में ग्राम गनोरा में कमल सिंह कुश्वाहा ने पलेवा के लिए जल नहीं मिलने की वजह से आत्महत्या कर ली। राम कुमार जौ कठौंत ब्लाक के बिचौली ग्राम का था, उसके पास 80 बिसवा जमीन थी। उससे वह अपना और अपने परिवार का भरण-पोाण करता था। मेरी आपके द्वारा केन्द्र सरकार से मांग है कि मेरे जनपद के किसानों के भरण-पोाण के लिए पानी की उचित व्यवस्था की जाए, क्योंकि पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं होने से बुंदेलखंड में किसान द्वारा आत्महत्या करने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिन दो किसानों ने आत्महत्या की है, उनके परिवार वालों को दो-दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। इसे रोकने के लिए विदर्भ की तरह बुंदेलखंड को भी विशो दर्जा दिया जाए जिससे आत्महत्याएं रुक सकें।